अगस्त में सर्विस सेक्टर में सबसे तेज गति से विस्तार

नई दिल्ली, प्रेट्र: पिछले पांच महीनों के दौरान अगस्त में भारत के सर्विस सेक्टर में सबसे तेज गति से विस्तार देखा गया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआइ कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। इसे काफी हद तक उत्पादकता लाभ और सकारात्मक मांग के रुझान से समर्थन मिला। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआइ) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

कीमतों की बात करें तो कच्चे माल की लागत में छह महीने में सबसे कम वृद्धि हुई। इससे अगस्त में 'आउटपुट' मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई। सर्वेक्षण में कहा गया, 'भारत की सेवा अर्थव्यवस्था में शुल्क मुद्रास्फीति की समग्र दर मध्यम रही। जुलाई में देखी गई वृद्धि की तुलना में भी यह वृद्धि धीमी रही।' वहीं रोजगार का स्तर मजबूत बना रहा, हालांकि जुलाई की तुलना में नियुक्ति की गति मामूली धीमी रही। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआइ आउटपुट इंडेक्स जुलाई की तरह ही अगस्त में भी 60.7 रहा।

भारत के लिए समग्र पीएमआइ में अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही।

–प्रांजुल भंडारी, मुख्य अर्थशास्त्री, एचएसबीसी इंडिया